# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

( भाग 1—कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

मंगलवार, तिथि 22 जुलाई, 1980 ई० ।

## विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर : | |
| अल्पसूचित प्रश्नोत्तर संख्या 44, 46, 47, 48 एवं 49 ... | 1—11 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या 439, 443, 951, 952, 953, 954, 955, 956, 965, 985, 986, 1008, 1011 एवं 1027 । | 12—38 |
| परिशिष्ट (प्रश्नों के लिखित उत्तर) ... | 39—55 |
| दैनिक निबंध ... | 57-58 |


टिप्पणी—किन्हीं भी माननीय सदस्यों एवं मंत्रियों से उनके भाषणों के संशोधन प्राप्त नहीं हुए हैं ।

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

---

मंगलवार, तिथि 22 जुलाई, 1980 ई० ।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य विवरण ।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा-सदन में मंगलवार, तिथि 22 जुलाई, 1980 ई० को पूर्वाह्न 10 बजे अध्यक्ष, श्री राधानन्दन झा के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ ।

## अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर

### अल्प-सूचित प्रश्न संख्या 42 के संबंध में चर्चा ।

श्री शंकर प्रताप देव—इसके लिए समय चाहिए ।

श्री ब्रजकिशोर नारायण सिंह—अध्यक्ष महोदय, किस लिए समय चाहिए जबकि प्रश्न का उत्तर सचिवालय से ही मंगवाना है । कब उत्तर दिया जायगा, इसकी व्यवस्था आप कर दीजिए ।

अध्यक्ष—यह बात ठीक है कि इसका उत्तर सचिवालय से ही देना है । यह प्रश्न 7 जुलाई को ही हमारे यहां से भेजा गया है ।

श्री शंकर प्रताप देव—इसका संबंध प्रखंड से भी है । पूरी सूचना नहीं मिली इसलिए इसका जवाब देना स्वयं मुझे अच्छा नहीं लगा ।

श्री ब्रजकिशोर नारायण सिंह—एक व्यवस्था हम यह चाहते हैं कि आप यह व्यवस्था कर दें कि जब उत्तर आ जाए तो माननीय मंत्री, मुझसे मिलकर, इसपर डिस्कशन करके, आगे की कार्रवाई करें ।

श्री शंकर प्रताप देव—ठीक है ।

श्री ब्रजकिशोर नारायण सिंह—मैं आपकी इजाजत से पूछता हूँ ।